# इस्पात संदेश

कामधेनु स्टील

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com   www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–15, जुलाई 2019


किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545



## कोलकाता में आयोजित हुई नं. #1 ब्रांड KAMDHENU NXT की डीलर्स मीट

उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों को पेश कर अपनी पहचान बनाने वाली कंपनी कामधेनु लिमिटेड हमेशा इनोवेशन और बेहतरीन गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण पर जोर देती है। इसी प्रतिबद्धता पर आगे बढ़ते हुए कंपनी देश में शीर्ष कंपनियों में शुमार है। कंपनी को अग्रणी कंपनी बनाने में कंपनी के डीलर्स भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं और ग्राहकों तक कंपनी के उत्पादों को सुचारू रूप से पहुंचा रहे हैं। इनके योगदान की प्रशंसा करने के लिए कंपनी हमेशा बेहतरीन इवेंट का आयोजन करती है ताकि उन्हें प्रोत्साहित किया जा सके।

इसी के तहत कंपनी ने कोलकाता में KAMDHENU NXT डीलर्स के लिए सम्मेलन को आयोजित किया। इस सम्मेलन में कंपनी के 500 डीलर्स ने हिस्सा लिया। यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों में निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जीएम श्री एस.बी. शर्मा, एजीएम ब्रांड प्रमोशन श्री अमित सोनी और सीनियर मैनेजर सुश्री कविता मिश्रा सम्मिलित हुई। इनके साथ ही कोलकाता में कंपनी के उत्पादों का लाइसेंस एग्रीमेंट के जरिए उत्पादन करने वाली कंपनी अलकनंदा आयरन एंड स्पन्ज प्रा.लि. के निदेशक श्री आनंद सरोगी, निदेशक श्री विशाल सरोगी, निदेशक श्री मुकेश भरूका और संदीप अग्रवाल सम्मिलित हुए।

यहाँ कंपनी के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल जी ने KAMDHENU NXT की महत्वपूर्ण बातों को साझा किया और अपने मोटिवेशनल अंदाज में डीलर्स को मोटिवेट किया। इनके साथ ही सीनियर जीएम श्री एस.बी. शर्मा जी ने प्रजेंटेशन के द्वारा KAMDHENU NXT की बेहतरीन गुणवत्ता और इससे जुड़ी मार्केटिंग योजनाओं को डीलर्स को विस्तार से बताया। चैनल पार्टनर के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने के लिए उनके सुझावों को भी सुना गया। हर तरह से एक उम्दा कारपोरेट कल्चर पेश करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को सम्मानित भी किया गया। कंपनी की योजनाओं से उत्साहित सभी डीलर्स ने कंपनी को नं. 1 ब्रांड बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई।

निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने डीलर्स को सम्बोधित करते हुए कहा, "KAMDHENU NXT नेक्स्ट जनरेशन स्टील है और इसकी इंटरलॉकिंग क्षमता बेजोड़ है। इस बेहतरीन स्टील की आपने जिस तरह से राज्य में हिस्सेदारी बढ़ाई है, उससे लगता है कि आप में नई ऊँचाइयों को छूने का जज्बा है और आप KAMDHENU NXT को राज्य में नं. 1 बनाए रखेंगे।"

कामधेनु लिमिटेड के फ्रेंचाइजी पार्टनर, मेसर्स अलकनंदा आयरन एंड स्पन्ज प्रा.लि. के निदेशक श्री आनंद सरोगी ने कहा, "हमें खुशी है की हम उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का निर्माण करने वाली कंपनी कामधेनु लिमिटेड से जुड़े हुए हैं। और कंपनी के साथ मिलकर राज्य में कंस्ट्रक्शन को नई ऊँचाई दे रहे हैं।"



# इंसानी दिमाग में कंप्यूटर चिप को किया जाएगा इंप्लांट



मस्तिष्क के विकारों से जूझ रहे लोगों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए पूरी दुनिया में अनुसंधान चल रहे हैं। इसके तहत दवाओं के अलावा आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस का भी सहारा लिया जा रहा है। स्पेस एक्स कंपनी के संस्थापक एनल मस्क ने एक नई योजना का एलान किया है, इसके तहत कंप्यूटर चिप को मस्तिष्क में स्थापित किया जाएगा। यह तकनीक सभी तरह के न्यूरोलॉजिकल यानी तंत्रिका संबंधी विकार से ग्रस्त लोगों को ठीक करने में कारगर होगा। अभी इसका परिक्षण चूहों और बंदरों पर किया गया है। परिक्षण के दौरान इस तकनीक के परिणाम काफी सकारात्मक थे।






# 14वें जी-20 शिखर सम्मेलन में शरीक हुए मोदी

## वैश्विक व्यापार, रक्षा और जलवायु परिवर्तन पर चर्चा

जापान के ओसाका में 28–29 जून को आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने हिस्सा लिया। इस मंच पर मोदी ने भारत के नजरिए को रखा। इस शिखर सम्मेलन में वैश्विक व्यापार, रक्षा, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन मुद्दों पर चर्चा की गई। यहाँ प्रधानमंत्री ने अपने समकक्ष जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे और अमरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से त्रिपक्षीय चर्चा की। इन तीनों के बीच करीब 20 मिनट तक बातचीत हुई। राष्ट्रपति ट्रंप ने इस मौके पर पीएम मोदी को लोकसभा चुनावों में जीत के लिए बधाई भी दी।

इस पूरे कार्यक्रम में आर्थिक विकास, कराधान, वित्त, डिजिटल अर्थव्यवस्था और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था, समावेशी ऊर्जा और पर्यावरण, समाज, गुणवत्ता अवसंरचना, वैश्विक स्वास्थ्य, आयुर्वृद्धि, जलवायु परिवर्तन और समुद्री प्लास्टिक अपशिष्ट पर भी चर्चा की गई। जी20 सदस्य वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत, वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत, और दुनिया की दो–तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। भारत ने अब तक आयोजित सभी जी20 शिखर सम्मेलनों में भाग लिया है। भारत पहली बार 2022 में जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।



# मून पर मील का पत्थर

चंद्रयान–2 के साथ भारत ने सफलता का नया इतिहास लिख दिया। चांद का दक्षिणी ध्रुव अभी तक अछुता था। इस हिस्से पर अमरिका, रूस, चीन अभी तक नहीं पहुंच सके हैं। यहाँ पहुंचकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सफलता की नई मिसाल पेश करेगा। मिशन मून–2 के तहत इसरो ने विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर को भेजा है। जो चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से पर पानी की मात्रा, खनिजों, रसायरनों एवं उसके बाहरी और भीतरी वायुमंडल का विश्लेषण करेगा। विक्रम लैंडर का नाम इसरों के संस्थापक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है। इससे पहले भारत का मिशन चंद्रयान–1 ने वहाँ पानी उपलब्ध होने की जानकारी दी थी, जिसके बाद इस अछुते हिस्से के प्रति दुनिया के प्रमुख देशों की भी दिलचस्पी बढ़ी है।




# कामधेनु लिमिटेड ने मेसन सम्मेलनों को आयोजित कर मेसन को किया जागरूक

देश की अग्रणी कंपनी में शुमार कामधेनु लिमिटेड अपने इनोवेटिव इस्पात उत्पादों की बेहतरीन श्रृंखला से जहाँ देश के कंस्ट्रक्शन को मजबूती दे रही है, वहीं बिल्डिंग निर्माण करने वाले मेसन को भी जागरूक कर रही है। कामधेनु लिमिटेड ने अपने इसी प्रयास के तहत देश के कई क्षेत्रों में सम्मेलनों को आयोजित किया। यहाँ कंपनी ने उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात की जानकारी दी।

इन सम्मेलनों में कंपनी ने कंस्ट्रक्शन स्टील के उन सभी मापदण्डों को साझा किया जो बिल्डिंग निर्माण और कंस्ट्रक्शन के लिए जरूरी है। साथ ही कंपनी ने यहाँ पर अपने डबल रिब वाले इनोवेटिव स्टील KAMDHENU NXT की खासियतों को भी साझा किया। इससे मेसन को बिल्डिंग निर्माण की महत्वपूर्ण जानकारी के साथ कंपनी के उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की भी जानकारी मिली।

इसके तहत उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में कंपनी द्वारा लगातार मेसन मीट का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में 3 मेसन मीट का आयोजन हुआ। इस सम्मेलल में कंपनी के एजीएम श्री संतोष शुक्ल, एग्जीक्यूटिव श्री भानु प्रताप मिश्रा और डिस्ट्रीब्यूटर श्री पिंटू खण्डेलवाल ने हिस्सा लिया है। इन तीनों ही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मेसन ने हिस्सा लिया और कंपनी के उन्नत उत्पाद KAMDHENU NXT की गुणवत्ता से प्रभावित हुए। साथ ही बिल्डिंग निर्माण में इसके ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने के लिए प्रतिबद्ध हुए।

बिहार के बेगुसराय और पुर्णिया में आयोजित मेसन सम्मेलन में भी मेसन ने उत्साह दिखाया और बड़ी संख्या में इसमें सम्मिलित हुए। यहाँ मेसन कंपनी की जागरूकता पहल से खुश हुए और नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉकिंग स्टील KAMDHENU NXT की गुणवत्ता से प्रभावित होकर निर्माण कार्य में इसके उपयोग का निर्णय लिया। बेगुसराय में कंपनी के पदाधिकारियों में KAMDHENU NXT के मार्केटिंग इंचार्ज श्री नीरज राय और डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स राधिका इंजरप्राइजेज ने अपना सहयोग दिया। पुर्णिया में कंपनी की ओर से मार्केटिंग इंचार्ज श्री श्रवण कुमार मिश्रा और मेसर्स महेश्वरी ब्रदर्स ने सम्मेलन का संचालन किया।

मध्य प्रदेश के नीमच में आयोजित सम्मेलन में भी मेसन ने काफी उत्साह दिखाया। कंपनी के पदाधिकारियों में अवनीश कुमार, विनोद मेहता और मेसर्स बालाजी हार्डवेयर ने मेसन को मोटिवेट किया। इन सभी सम्मेलनों में मेसन KAMDHENU NXT की उच्च गुणवत्ता से प्रभावित हुए और निर्माण कार्यों में इसकी प्राथमिकता देने का निर्णय लिया।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.07.2019



# मुंबई में कामधेनु कलरमैक्स डीलर्स का कलरफुल सम्मेलन आयोजित हुआ

देश में कंस्ट्रक्शन स्टील मार्किट में ब्रांडेड स्टील को पेश करने वाली कंपनी कामधेनु लिमिटेड डीलर्स को देश की नई जरूरतों के अनुसार मोटिवेट करती रहती है। इस सम्मेलन में कंपनी हमेशा नई तकनीक और इनोवेशन से डीलर्स को रूबरू कराती है। इस पूरे कार्यक्रम को कंपनी भव्य तरीके से आयोजित करती है, जिसमें डीलर्स भी अपना पूरा उत्साह दिखाते हैं। इस खास इवेंट को इस बार कंपनी ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में आयोजित किया।

मुंबई के होटल गोपालास रेजिडेंसी में आयोजित इस सम्मेलन में कंपनी के 70 से अधिक डीलर्स सम्मिलित हुए। यहाँ कंपनी के पदाधिकारियों में जीएम श्री भास्कर चौधरी, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव श्री जय किशन सिंह, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव श्री रविंद्र अरुण सोनार और मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव श्री वैभव एस जोशी ने हिस्सा लिया। इनके साथ ही लाइसेंस एग्रीमेंट के द्वारा कंपनी के उत्पादों का निर्माण करने वाली कंपनी मेसर्स सन रूफिंग कंपनी के निदेशक श्री संजय गुप्ता, निदेशक अभिषेक कशीकर और प्रबंधक नितिन भारद्वाज सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में कंपनी के पदाधिकारियों ने रूफिंग शीट्स के सबसे भरोसेमंद ब्रांड कामधेनु कलरमैक्स के इनोवेटिव फीचर को साझा किया। इसके साथ ही राज्य की उन विकास योजनाओं को भी बताया, जहाँ कंपनी का ये बेहतरीन उत्पाद बहुत उपयोगी है। डीलर्स को नई मार्केटिंग नीतियों से भी रूबरू कराया गया जो उन्हें अपने क्षेत्र में कामधेनु कलरमैक्स की मांग को बढ़ाने में मदद करेगी। डीलर्स ने उत्साह दिखाते हुए कामधेनु कलरमैक्स की बाज़ार हिस्सेदारी बढ़ाने का भी संकल्प लिया।

इस सम्मेलन ने सभी को आगे बढ़ने का जज्बा दिया। यहाँ सभी को एक परिवार की तरह खास पल बिताने का मौका मिला। इसके साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीलर्स को यहाँ सम्मानित भी किया गया। इस खास अवसर पर कामधेनु लिमिटेड के जीएम श्री भास्कर चौधरी ने कहा, ''आपके प्रयासों की हम प्रशंसा करते है।




आपके सहयोग से ही आज कामधेनु कलरमैक्स पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। आपके काम करने के जज्बे को देखते हुए हमने उत्पादन क्षमता को 12 हजार मीट्रिक टन करने का निर्णय लिया है और जिस तरह आप कार्य कर रहे हैं उससे लगता है कि हम अगले वित्त वर्ष तक 30 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल कर लेंगे। और आज का दिन हम सभी के लिए खास है क्योंकि आज इस मंच से कामधेनु लिमिटेड के एक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद PPGL को लॉन्च किया गया।''

यहाँ लाइसेंस एग्रीमेंट के द्वारा कंपनी के उत्पादों का निर्माण करने वाली कंपनी मेसर्स सन रूफिंग कंपनी के निदेशक श्री संजय गुप्ता ने कहा, ''उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात उत्पादों का निर्माण करने वाली कंपनी कामधेनु लिमिटेड के उत्पादों का निर्माण करने पर हम गर्व महसूस करते हैं। हमारा साझा प्रयास यूँ हीं आगे बढ़ता रहे और हम उच्च गुणवत्ता वाली शीट्स कामधेनु कलरमैक्स की हिस्सेदारी को राज्य में बढ़ाते रहें।''




**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

श्री अनुराग पांडेय
**मेसर्स कृषि उपकरण भंडार,**
बक्सर (बिहार) पिन– 802101
मो: 9334446031

श्री अनिल सुरेखा
**मेसर्स सुरेखा ट्रेडर्स**
समस्तीपुर (बिहार), पिन– 848101
मो: 9334442727

श्री गोपाल मेहतो
**मेसर्स न्यू सम्दर्शी ट्रेडिंग एंड कंपनी**
लेहरी सराय (बिहार), पिन– 846001
मो: 9234682067

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com